# कक्षा: 8 विषय: हिंदी ( अभ्यास प्रश्न - पत्र)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:(अंक: 10)**

"विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल में बालक में जो संस्कार पड़ जाते हैं, जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते हैं। इसीलिए यही काल आधारशिला कहा गया है। यदि यह नींव दृढ़ बन जाती है तो जीवन सुदृढ़ और सुखी बन जाता है। जिस वृक्ष को प्रारंभ से सुंदर पोषण और खाद मिलती है, वह पुष्पित और पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियम के साँचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है।"

(i) मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी किसे कहा गया है?
(ii) विद्यार्थी काल को 'आधारशिला' क्यों कहा गया है?
(iii) एक आदर्श विद्यार्थी सभ्य नागरिक कैसे बनता है?
(iv) 'पुष्पित और पल्लवित' का क्या अर्थ है?
(v) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
(vi) 'अनुशासन' शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए।

**प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर या निर्देशानुसार उत्तर दीजिये:(अंक: 15**

क . 'आकाश' का सही पर्यायवाची शब्द है: (क) अनल (ख) नभ (ग) अनिल (घ) सहकार
ख. 'स्वागत' शब्द का सही संधि-विच्छेद है: । (क) स्व + आगत (ख) सु + आगत (ग) स्वा + गत (घ) स + वागत
ग .'ईद का चाँद होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।
घ . 'सज्जन' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।
च. विशेषण बनाइए: 'समाज'

**प्रश्न 3. सही विकल्प चुनिए: (5 x 1 = 5 अंक)**

क. 'ध्वनि' कविता के रचयिता कौन हैं?
(क) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'। (ख) जयशंकर प्रसाद। (ग) महादेवी वर्मा। (घ) रामधारी सिंह 'दिनकर'
ख .'लाख की चूड़ियाँ' कहानी में बदलू को किस बात से चिढ़ थी?
(क) रबड़ की चूड़ियों से (ख) काँच की चूड़ियों से (ग) प्लास्टिक की चूड़ियों से। (घ) सोने की चूड़ियों से
ग .'बस की यात्रा' पाठ में बस को देखकर लेखक के मन में क्या भाव उमड़ा?
(क) क्रोध का (ख) प्रेम का। (ग) श्रद्धा का (घ) घृणा का
घ .कबीर के अनुसार हमें किसकी निंदा नहीं करनी चाहिए?
(क) बड़ों की। (ख) छोटों की (ग) घास की (घ) ईश्वर की
च .सुदामा की दीनदशा देखकर किसे रोना आ गया?
(क) द्वारपाल को (ख) श्रीकृष्ण को (ग) रुक्मिणी को (घ) प्रजा को

**प्रश्न 4.(किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (5 x 3 = 15 अंक)**

1.कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?
2. "मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं।" - इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?
3.लेखक ने बस को 'वयोवृद्ध' क्यों कहा?
4.कबीर की साखियों के अनुसार, तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं - उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं?
5.पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस (SMS) का संदेश क्यों नहीं दे सकता?
6.गोपी कृष्ण की मुरली क्यों छिपा लेती हैं?

**प्रश्न 5.(किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (3 x 5 = 15 अंक)**

1. 'दीवानों की हस्ती' कविता में ऐसी कौन सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगी? विस्तार से लिखिए।
2. अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोपड़ी नहीं खोज पाए, तो उनके मन में क्या-क्या विचार आए? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
3.'अकबरी लोटा' कहानी के आधार पर बताइए कि बिलवासी जी ने रुपये का प्रबंध कहाँ से और कैसे किया?

I

4.साइकिल आंदोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए?

**प्रश्न 6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए (लगभग 100-120 शब्द): (5)**

* समय का सदुपयोग / पर्यावरण प्रदूषण: समस्या और समाधान / मेरा प्रिय त्योहार

**प्रश्न 7. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को 'छात्रवृत्ति' प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। (5)**

**अथवा**

**प्रश्न 7.अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 8. 'जल है तो कल है' विषय पर एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)**